आजादी का अमृत महोत्सव मेगा शो के दौरान बीएचईएल पवेलियन में माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री और गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री पधारे

गांधीनगर, 9 जून: गांधीनगर में 9 से 12 जून, 2022 को नेशनल बिल्डिंग और सीपीएसई की प्रदर्शनी: आजादी का अमृत महोत्सव मेगा शो का आयोजन किया गया। इसमें माननीय केंद्रीय वित्त तथा कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री, सुश्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री, श्री भूपेंद्रभाई पटेल बीएचईएल के पवेलियन में पधारे। उन्होंने बीएचईएल के सीएमडी डॉ. नलिन सिंघल के साथ चर्चा की।

डॉ. सिंघल ने बीएचईएल की वर्तमान प्रगतिशील दीर्घकालिक फोकस क्षेत्रों और उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में गणमान्य अतिथियों को जानकारी दी। माननीय वित्त मंत्री जी ने राष्ट्र निर्माण में बीएचईएल की भूमिका की सराहना की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुजरात में व्यापार अवसरों के विस्तार और वर्तमान परियोजनाओं के लिए बीएचईएल को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

*****